# 'गरीबों को ऋण देने में हिचके नहीं बैंक'

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिलाया विश्वास, गरीब पाई-पाई लौटा देंगे

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बैंक गरीब लोगों को स्वरोजगार के लिए ऋण देने में हिचकें नहीं। उन्होंने बैंकों को विश्वास दिलाया है कि गरीब परिवार बैंकों से लिए ऋण का सदुपयोग कर एक-एक पाई वापस करेंगे। उन्होंने कहा कि गरीब व्यक्ति उधार लेने से पहले उसे वापस करने की योजना तैयार रखता है। मुख्यमंत्री ने ये बातें अपने सरकारी आवास पर बुधवार को आयोजित एसएलबीसी की बैठक में राज्यव्यापी मेगा शिविर के जरिए 9,500 करोड़ रुपये के ऋण वितरण की शुरुआत करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार साल में प्रदेश में बैंकों का व्यवसाय छह लाख करोड़ से अधिक बढ़ा है। वहीं ऋण जमा अनुपात भी लगभग छह फीसदी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बैंकों के सहयोग से उत्तर प्रदेश पहला राज्य बना, जहां बेहद कम समय में ऋण मोचन योजनाओं को साकार करके किसान आय दोगुनी करने का सार्थक प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने 1.51 लाख किसान क्रेडिट कार्ड की वर्चुअल स्वीकृति भी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कैंप मंडल व जिला स्तर पर भी लगाए जाएंगे।

बैठक में मुख्यमंत्री ने बैंकर्स समिति के सहयोग से प्रदेश के 1,11,000 युवाओं के लिए आयोजित रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ना और रोजगार सृजन राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। बैंकों के सहयोग से स्वरोजगार महाकुंभ कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक विक्रमादित्य सिंह खींची, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय निदेशक आर लक्ष्मीकांत राव ने भी विचार रखे। वहीं, सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एचडीएफसी बैंक ने गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए सीएसआर के तहत 1.51 करोड़ दिए हैं।

### सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही सरकार

**लखनऊ।** उप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जसवंत सैनी और अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 'सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। शासकीय भर्तियों की प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ आरक्षण नियमों का पालन करते हुए पूरा किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिए जाने का ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।



### थाईलैंड की राजदूत ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** थाईलैंड की राजदूत पैट्रेट हांगटांग ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर भेंट के दौरान हांगटांग ने मुख्यमंत्री से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके बाद मुख्य सचिव ने प्रदेश सरकार द्वारा निवेश के लिए दी जा रही सुविधाओं आदि के बारे में भी थाईलैंड की राजदूत को जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य सचिव ने ईज ऑफ डुईंग बिजनेस पर चर्चा करते हुए बताया कि इस क्षेत्र में यूपी देश में दूसरे स्थान पर है और निवेशकों के लिए सुरक्षित व स्वस्थ्य वातावरण देने में सबसे आगे है। गोरखपुर में आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना होने जा रही है जो पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक पद्धति पर आधारित है। मुख्य सचिव ने उन्हें ओडीओपी उत्पादों की विशेषता पर के बारे में भी बताया। हांगटांग ने प्रदेश के ओडीओपी उत्पादों को थाईलैंड के कार्यक्रमों में सम्मिलित करने की इच्छा व्यक्त की। थाईलैंड एवं यूपी के बीच में पर्यटन व व्यापार को बढ़ावा देने के संबंध में जल्द ही एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया जाएगा। इस दौरान प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव उद्योग डॉ. मुथु कुमार स्वामी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। ब्यूरो